ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16 ]
Total No. of Printed Pages : 16 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RR**

Question Paper Serial No. **600**

यहाँ से काटिए

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **81-H**
**Code No. : 81-H**

## ವಿಷಯ : ಗಣಿತ
## Subject : MATHEMATICS

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 07. 2022 ] [ Date : 04. 07. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें : $8 \times 1 = 8$**

1. रैखिक समीकरणों के युग्म $x - y = 8$ तथा $3x - 3y = 16$ द्वारा निरूपित रेखाएँ हैं

   (A) प्रतिच्छेदी रेखाएँ

   (B) समांतर रेखाएँ

   (C) अभिलम्ब रेखाएँ

   (D) संपाती रेखाएँ

2. समांतर श्रेढ़ी 5, 3, 1, – 1, .... का सार्व अंतर है

   (A) – 2

   (B) 2

   (C) – 3

   (D) 5.

3. $x(x+1) = 5$ है

(A) रैखिक समीकरण

(B) द्विघात समीकरण

(C) घन समीकरण

(D) द्विघात बहुपद

4. $1 + \tan^2\theta$ बराबर है

(A) $\text{cosec}^2\theta$

(B) $\frac{1}{\text{cosec}^2\theta}$

(C) $\sec^2\theta$

(D) $-\sec^2\theta$

5. cot 90° का मान है

(A) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (B) 1

(C) $\sqrt{3}$ (D) 0.

6. मूल बिन्दु से बिन्दु $P(a, b)$ की दूरी है


(A) $\sqrt{a^2+b^2}$ इकाई

(B) $\sqrt{a^2-b^2}$ इकाई

(C) $\sqrt{a+b}$ इकाई

(D) $\sqrt{a-b}$ इकाई ।

7. चित्र में छेदक रेखा है




(A) $AB$ (B) $PQ$

(C) $XY$ (D) $MN$.

8. '$r$' इकाई त्रिज्या वाले गोलक का आयतन है

(A) $\frac{2}{3}\pi r^2$ घन इकाई

(B) $\frac{2}{3}\pi r^3$ घन इकाई

(C) $\frac{4}{3}\pi r^3$ घन इकाई

(D) $\frac{4}{3}\pi r^2$ घन इकाई ।


**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8 × 1 = 8**

9. यदि रैखिक समीकरणों के युग्म $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ तथा $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ असंगत है तो इनके कितने हल होंगे ?

10. समांतर श्रेढ़ी क्या है ?

11. द्विघात समीकरण के मानक रूप लिखें ।

12. चित्र में $ABC$ समकोण त्रिभुज है । यदि $\angle C = 30°$ तथा $AB = 12$ सेमी हो, तो $AC$ की लंबाई ज्ञात करें ।




13. बिन्दु $P$ के निर्देशांक लिखें यदि यह बिन्दुओं $A(x_1, y_1)$ तथा $B(x_2, y_2)$ को जोड़ने वाला रेखाखण्ड को $m_1 : m_2$ के अनुपात में अंतःविभाजित करते हैं ।

14. निम्न आँकड़ों का बहुलक ज्ञात करें :

4, 5, 5, 6, 7, 7, 6, 7, 5, 5

15. आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय को बताएँ ( थेल्स का प्रमेय ) ।

16. ऊँचाई $h$ तथा वृत्तीय छोरों की त्रिज्याएँ $r_1$ तथा $r_2$ वाले शंकु के छिन्नक का आयतन ( $V$ ) ज्ञात करने का सूत्र लिखें ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **8 × 2 = 16**

17. विलोपन विधि द्वारा प्रदत्त समीकरणों का हल करें :

$$2x + 3y = 7$$

$$2x + y = 5$$

18. सूत्र का प्रयोग कर समांतर श्रेढ़ी 2, 5, 8, ..... का 12वाँ पद निकालें ।

19. सूत्र का प्रयोग द्वारा समांतर श्रेढ़ी 7, 11, 15, ...... का 16 पदों तक योगफल निकालें ।


**अथवा**

समांतर श्रेढ़ी 3, 6, 9, .... के कितने पदों को जोड़ना होगा ताकि योगफल 165 हो जाय ?

20. समीकरण $4x^2 - 12x + 9 = 0$ का विविक्तकर का मान निकालें तथा मूलों की प्रकृति लिखें ।

21. द्विघातीय सूत्र का प्रयोग कर समीकरण $x^2 - 3x + 1 = 0$ के मूल निकालें ।

22. चित्र में $ABC$ एक समकोण त्रिभुज है । यदि $AB = 24$ सेमी, $BC = 7$ सेमी तथा $AC = 25$ सेमी हो, तो $\sin \alpha$ तथा $\cos \alpha$ का मान निकालें ।




23. दूरी सूत्र का प्रयोग कर बिन्दु $P(2, 3)$ तथा $Q(4, 1)$ के बीच की दूरी निकालें ।

**अथवा**

बिन्दुओं $A(-6, 10)$ तथा $B(3, -8)$ को जोड़ने वाला रेखाखण्ड को बिन्दु $P(-4, 6)$ किस अनुपात में विभाजित करेगा ?

24. 8·4 सेमी लम्बाई वाला रेखाखण्ड खींचें तथा ज्यामितीय रचना द्वारा इसे 1 : 3 के अनुपात में विभाजित करें ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **$9 \times 3 = 27$**

25. उस समांतर श्रेढ़ी को निकालें जिसका 3रा पद 16 तथा 7वां पद 5वां पद से 12 अधिक है ।

26. रहमान की उम्र (वर्षों में) 3 वर्ष पूर्व तथा अभी से 5 वर्ष बाद के व्युत्क्रमों का योगफल $\frac{1}{3}$ है । उसकी वर्तमान आयु निकालें ।


**अथवा**

एक रेलगाड़ी 360 किमी एकसमान चाल से चल रही है । यदि उसकी चाल 5 किमी/घंटा अधिक होती तो एक ही यात्रा में उसे 1 घंटा समय कम लगता । रेलगाड़ी की चाल निकालें ।

27. मान निकालें :


$$\frac{2\cos(90^\circ - 30^\circ) + \tan 45^\circ - \sqrt{3}\,.\,\text{cosec}\, 60^\circ}{\sqrt{3}\sec 30^\circ + 2\cos 60^\circ + \cot 45^\circ}$$

28. एक मीनार तथा एक भवन एक ही भूमि तल पर उर्ध्वाधर खड़ा है । मीनार के पाद से भवन के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° तथा भवन के पाद से मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है । यदि मीनार 50 मी ऊँचा है तो भवन की ऊँचाई ज्ञात करें ।




**अथवा**

एक केबल स्तंभ तथा एक भवन बराबर भूमि तल पर उर्ध्वाधर खड़ा है । भवन जिसकी ऊँचाई 7 मी है, के शीर्ष से केबल स्तंभ का उन्नयन कोण 60° तथा इसके पाद का अवनमन कोण 45° है । स्तंभ की ऊँचाई निकालें । ($\sqrt{3}$ = 1·73 का प्रयोग करें )



29. यदि बिन्दुएँ $P\ (2,\ 3)$, $Q\ (4,\ k)$ तथा $R\ (6,\ -3)$ संरेखीय हैं तो '$k$' का मान ज्ञात करें ।

**अथवा**

एक वृत्त जिसका केन्द्र $P\ (2,\ 3)$ है, बिन्दु $A\ (4,\ 3)$ तथा $B\ (x,\ 5)$ से होकर गुजरता है तो '$x$' का मान निकालें ।

30. प्रत्यक्ष विधि द्वारा निम्न आंकड़ों का माध्य निकालें :

| वर्ग अंतराल | बारंबारता |
|---|---|
| 5 — 15 | 1 |
| 15 — 25 | 3 |
| 25 — 35 | 5 |
| 35 — 45 | 4 |
| 45 — 55 | 2 |

**अथवा**

निम्न आंकड़ों की माध्यिका निकालें :

| वर्ग अंतराल | बारंबारता |
|---|---|
| 0 — 20 | 6 |
| 20 — 40 | 9 |
| 40 — 60 | 10 |
| 60 — 80 | 8 |
| 80 — 100 | 7 |

31. किसी विद्यालय की कक्षा $X$ के 60 विद्यार्थियों की ऊँचाई की सूचना निम्न सारणी में दी गई है । प्रदत्त आंकड़ों के लिए 'से कम प्रकार' ओजाइव खींचें :

| विद्यार्थियों की ऊँचाई ( *cm* में ) | विद्यार्थियों की संख्या ( संचयी बारंबारता ) |
|---|---|
| 130 से कम | 04 |
| 140 से कम | 12 |
| 150 से कम | 30 |
| 160 से कम | 45 |
| 170 से कम | 56 |
| 180 से कम | 60 |

32. "किसी वृत्त के बाह्य बिन्दु से खींची गई स्पर्शिकाओं की लम्बाई बराबर है ।" सिद्ध करें ।

33. $60°$ कोण पर एक दूसरे से नत त्रिज्या 3 सेमी वाले वृत्त की स्पर्शिकाओं की जोड़ी खींचें ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :** **4 × 4 = 16**


34. ग्राफीय विधि से निम्न रैखिक समीकरणों के युग्म का हल निकालें :

$2x - y = 7$


$x - y = 2$

35. भुजा $BC = 6$ cm, $AB = 5$ cm तथा $AC = 4{\cdot}5$ cm वाले $\Delta\, ABC$ की रचना करें, फिर $\Delta\, ABC$ की संगत भुजाओं के $\frac{4}{3}$ भुजा वाले त्रिभुज की रचना करें ।

36. 14 सेमी भुजा वाला *ABCD*, एक वर्ग है । इस वर्ग की भुजाओं के मध्य बिन्दु को ठीक-ठीक स्पर्श करने वाले एक वृत्त जैसा चित्र में दिखाया गया है, खींचा गया है । यदि वर्ग की भुजाओं के मध्य बिन्दु *P, Q, R* तथा *S* हैं तथा *PQ, QR, RS* तथा *SP* वृत्त के चाप हैं तो छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल निकालें ।




37. 32 सेमी ऊँचाई तथा 18 सेमी आधार की त्रिज्या वाले बेलनाकार बर्तन में बालू भरा गया है । इस बालू को समतल सतह पर एक शंक्वाकार बालू का स्तूप बनाने हेतु पूर्ण रूप से डाला गया है । यदि शंक्वाकार स्तूप की ऊँचाई 24 सेमी है तो शंक्वाकार स्तूप की आधार त्रिज्या तथा तिर्यक ऊँचाई निकालें ।




**अथवा**

चित्र में दर्शाये अनुसार एक खिलौना 21 सेमी त्रिज्या वाले शंकु के आकार का है जो बराबर त्रिज्या वाले एक अर्धगोला पर चढ़ाया गया है । खिलौना की कुल ऊँचाई 49 सेमी है । खिलौना का पृष्ठ क्षेत्रफल निकालें ।



**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें : 1 × 5 = 5**

38. "यदि दो त्रिभुजों में संगत कोण बराबर हैं तो उनकी संगत भुजाएँ बराबर अनुपात में होंगी तथा दोनों त्रिभुज सदृश होंगे ।" सिद्ध करें ।